# प्रेस नोट

## दिनांक 27.05.2025

## थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा हत्या का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के निर्देशन में अपराध नियंत्रण व वांछित / वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 27.05.2025 को थाना कोतवाली नगर पुलिस के द्वारा मु0अ0सं0- 111/2025 धारा-103(1) बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सन्तोष सोनकर पुत्र अज्ञात निवासी ग्राम कुसमरा थाना कुरारा हमीरपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्याया0 भेजा गया।

ज्ञातव्य है कि दिनांक 26.05.2025 को थाना कोतवाली नगर पुलिस को थाना क्षेत्र अंतर्गत एक अज्ञात महिला का शव ग्राम मीरापुर के नहर के किनारे मिले होने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना पर थाना कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची एवं फील्ड यूनिट टीम व डॉग स्क्वाड के द्वारा साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गई एवं घटना स्थल से आलाकत्ल बरामद किया गया। अज्ञात शव की पहचान सरिता निषाद पत्नी स्व0 रामसहारे निषाद (उम्र करीब 30 वर्ष) निवासिनी गौरादेवी थाना कोतवाली नगर जनपद हमीरपुर के रुप में उसके परिजनों के द्वारा की गई। थाना कोतवाली नगर पुलिस के द्वारा शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा व पोस्टमार्टम की कार्यवाही की गई।

मृतका के देवर से प्राप्त तहरीर के आधार थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-111/25 धारा-103(1) बीएनएस बनाम सन्तोष सोनकर पुत्र अज्ञात नि0ग्रा0 कुसमरा थाना कुरारा हमीरपुर के विरुद्ध पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के द्वारा घटना स्थल का निरीक्षक कर, घटना के शीघ्र अनावरण हेतु टीमें गठित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसी क्रम में आज दिनांक 27.05.2025 को पुलिस टीम के द्वारा वांछित अभि0 सन्तोष सोनकर को उसके घर, ग्राम कुसमरा थाना कुरारा हमीरपुर से गिरफ्तार किया गया।

**<u>पूछतांछ का विवरण-</u>**

पूंछताछ के क्रम में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि उसके व मृतका सरिता के करीब 5-6 वर्षों से सम्बन्ध थे इसी दौरान करीब 04 वर्ष पूर्व सरिता के पति की मृत्यु के बाद सम्बन्ध और गहरे हो गये थे किन्तु एक-दो वर्षों से सरिता के अन्य व्यक्तियों से बातचीत होने लगी जिससे दोनों में अनबन होने लगी इसी बात को लेकर अभियुक्त ने मृतका सरिता को मिलने के लिये बुलाकर उसकी ईंट से मारकर हत्या कर दिया।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1- प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार
2- उ0नि0 दारा सिंह
3- का0 चन्द्रवीर
4- का0 इखलाक हुसैन
5- का0 अमित कुमार

